तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने ...





10 भिलाई-चरोदा में 50 करोड़ की नई जल प्रदाय ...




## फॉलोअप : गंभीर घायल को व्हीलचेयर में लाया गया, फिर भी नहीं हुई तत्काल कार्रवाई

# शोभायात्रा में चाकूबाजी से युवक की मौत मामले में नया मोड़, परिजन साथ थाने पहुंचा, अस्पताल में एमएलसी, फिर भी एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


हनुमान जन्मोत्सव की धार्मिक शोभायात्रा में हुई चाकूबाजी की घटना अब एक साधारण आपराधिक मामला न रहकर गंभीर प्रशासनिक लापरवाही और सवालों के घेरे में आ चुकी है। 22 वर्षीय आदिवासी युवक अमन ध्रुव की मौत के बाद पूरे घटनाक्रम ने नया और चिंताजनक मोड़ ले लिया है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब घायल युवक खुद थाने पहुंचा, डॉक्टरों ने गंभीर चोट की पुष्टि करते हुए एमएलसी तैयार किया, तब भी आखिर एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई? घटना के तीन दिन बाद, 6 अप्रैल को जब अमन की तबीयत बिगड़ने लगी, तब उसने परिजनों को पूरी घटना बताई।

इसके बाद वह खुद एक परिजन के साथ सिटी कोतवाली पहुंचा और पुलिस को बताया कि शोभायात्रा के दौरान उसके पेट में किसी ने नुकीली वस्तु से वार किया था। यह वह अहम क्षण था, जहां से पुलिस की जिम्मेदारी शुरू होती है। पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय भेजा, जहां डॉ. नेहा साहू ने उसका मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) किया। रिपोर्ट में साफ उल्लेख है कि पेट के दाहिने हिस्से में लगभग 4 सेंटीमीटर गहरा और 0.25 सेंटीमीटर चौड़ा घाव है जो कि किसी धारदार हथियार से हुआ गंभीर हमला दर्शाता है। उस समय अमन की हालत इतनी खराब थी कि उसे व्हीलचेयर पर ओपीडी तक लाया गया। इसके बावजूद न तो तत्काल अपराध दर्ज हुआ, न ही किसी संदिग्ध की तलाश शुरू हुई। यही वह बिंदु है, जहां से पूरा सिस्टम सवालों के घेरे में आ गया है। बताया जा रहा है कि सिटी कोतवाली और जिला चिकित्सालय दोनों जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनमें घायल अमन के पहुंचने और उसकी हालत के दृश्य दर्ज हो सकते हैं। यदि इन फुटेज की जांच होती है, तो यह स्पष्ट हो सकता है कि युवक की स्थिति कितनी गंभीर थी और उस समय क्या कार्रवाई की गई।

गौरतलब है कि 3 अप्रैल की रात शहर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकाली जा रही भव्य शोभायात्रा में हजारों की भीड़ शामिल थी। डीजे की धुन और उत्सव के माहौल के बीच, रात करीब 10 बजे प्रताप चौक क्षेत्र के पास अचानक भीड़ में शामिल एक अज्ञात युवक ने अमन ध्रुव पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। वार पेट के दाहिने हिस्से में किया गया, जो बेहद गंभीर था। भीड़ और शोरगुल के कारण घटना का तत्काल किसी को स्पष्ट पता नहीं चल सका।

कुछ देर बाद आसपास के लोगों ने इसकी सूचना अमन के बड़े भाई मनीष ध्रुव को दी। परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल अमन को रायपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया।



### सिम्स बिलासपुर में मौत, इलाज पर भी सवाल

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिला अस्पताल से अमन को बिलासपुर के सिम्स अस्पताल कैसे और किन परिस्थितियों में रेफर किया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। 6 अप्रैल को वहां मेडिकल परीक्षण होने के बाद सोमवार रात करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव बेमेतरा लाया गया, जहां अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परिजनों और समाज के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सही इलाज और पुलिस कार्रवाई होती, तो शायद अमन की जान बचाई जा सकती थी। हालांकि इसमें खुद परिजनों ने भी जख्म को दरकिनार किया गया। बिलासपुर के संबंधित थाने से जीरो पर कायम मर्ग डायरी मंगाई गई है। मामले में पुलिस ने अपनी तहकीकात जारी कर दी है। आरोपी पकड़े जाएंगे । सोनल ग्वाला सिटी कोतवाली प्रभारी बेमेतरा

### घायल हालत में तीन दिनों बाद थाने पहुंचा

सूत्रों के अनुसार घटना के तीन दिन बाद, 6 अप्रैल को जब अमन की तबीयत बिगड़ने लगी, तब उसने परिजनों को पूरी घटना बताई। इसके बाद वह खुद एक परिजन के साथ सिटी कोतवाली पहुंचा और पुलिस को बताया कि शोभायात्रा के दौरान उसके पेट में किसी ने नुकीली वस्तु से वार किया था। उसका मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) किया। रिपोर्ट में साफ उल्लेख है कि पेट के दाहिने हिस्से में लगभग 4 सेंटीमीटर गहरा और 0.25 सेंटीमीटर चौड़ा घाव है—जो कि किसी धारदार हथियार से हुआ गंभीर हमला दर्शाता है। उस समय अमन की हालत इतनी खराब थी कि उसे व्हीलचेयर पर ओपीडी तक लाया गया। इसके बावजूद न तो तत्काल अपराध दर्ज हुआ, न ही किसी संदिग्ध की तलाश शुरू ही हो पाई । यही वह बिंदु है, जहां से पूरा सिस्टम सवालों के घेरे में आ गया है। बताया जा रहा है कि सिटी कोतवाली और जिला चिकित्सालय दोनों जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनमें घायल अमन के पहुंचने और उसकी हालत के दृश्य दर्ज हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि थाना छावनी के न्यायालय से जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत फरार वारंटियों की लगातार तलाश कर चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई के कुल 4 वारंटियों को पकड़ा गया है। जिसमें विवेकानंद नगर नंदनी रोड निवासी रूद्र अभिषेक पासवान, सर्कुलर मार्केट कैम्प 02 मुकेश तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, दिनेश कुमार महाजन, कैम्प 1 भिलाई संदीप दीप शामिल हैं। उप निरीक्षक अमित अंदानी की भूमिका सराहनीय रही।

### शारदा पारा तालाब में डूबे व्यक्ति की खोजबीन जारी

**भिलाई।** तालाब नहाने गए एक व्यक्ति की डूब गया। उसकी खोजबीन जारी है। छावनी थाना प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि कैम्प 2 वार्ड-35 निवासी संतोष यादव उर्फ पोपू अपने घर से कैम्प 2 स्थित शारदा पारा तालाब नहाने गया था। बुधवार को तालाब में डूब गया। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ, गोताखोरों को बुलाया गया है। जिसकी खोजबीन की जा रही है। संतोष की उम्र 40 वर्ष है, हमाली का काम करता है। संतोष शाम 4 बजे तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से संतोष डूब गया। आसपास में मौजूद लोगों ने जब उसे नहीं दिखा तो तलाश करना शुरू कर दी। कुछ देर बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। देर रात तक व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कांग्रेसी पार्षद का बेटा जुआ खेलते रायपुर में पकड़ाया

**भिलाई।** कांग्रेसी पार्षद का पुत्र जुआ खेलते रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी-रायपुर बॉर्डर पर चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। थाना अभनपुर के ग्राम टोकरो के पास खेतों में जुए का फड़ संचालित हो रहा था। पुलिस ने दबिश देकर सेक्टर-10 निवासी राहुल सिंह और उसके दोस्त रायपुर निवासी रितेश कुमार को पकड़ा गया है। पुलिस ने 6 लाख 34 हजार कैश और कार बरामद किया है। 6 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि टोकरो और मानिकचौरी गांव के बीच मेन रोड से करीब एक किलोमीटर अंदर खेतों में जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम पहुंची और दबिश देकर पकड़ा लगया। पुलिस को देखते ही करीब 15 जुआरी भागने में सफल रहे। पुलिस ने पीछा कर दो राहुल सिंह और रितेश को पकड़ लिया। राहुल सिंह कांग्रेस नेत्री सुभद्रा सिंह का बेटा है। पुलिस के मुताबिक रायपुर-धमतरी बॉर्डर पर जुआ खिलाए जाने की जानकारी पर दबिश दिया गया। इससे पहले कई आरोपी फरार हो गए।

## देवकर चौकी पुलिस की बड़ी कार्रवाई जुआ खेलते तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के चौकी देवकर पुलिस ने जुआ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगदी सहित कुल 61,500 रुपये की संपत्ति और ताश के पत्ते जब्त किए हैं।

■ 61,500 रुपये की नगदी व मोटरसाइकिल जब्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 06 अप्रैल 2026 को चौकी देवकर पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सहसपुर के बेलाही खार क्षेत्र में कुछ लोग खुले स्थान पर टॉर्च की रोशनी में 52 पत्ती ताश से रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखकर कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि तीन जुआरियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में टेकराम साहू (41 वर्ष), निवासी राजपुर, थाना धमधा, जिला दुर्ग ,आशाराम साहू (35 वर्ष), निवासी सहसपुर, चौकी देवकर, भोजराम साहू (26 वर्ष) निवासी राजपुर थाना धमधा जिला दुर्ग के नाम शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26,500 रुपये नगद, एक मोटरसाइकिल जिसकी कीमत लगभग 35,000 रुपये आंकी गई है, तथा 52 पत्ती ताश जब्त किया है। कुल जब्ती राशि 61,500 रुपये बताई गई है। इस मामले में थाना साजा में आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक अलीन चंद के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक मोहित देवांगन, भूषण मारकंडेय, मुकेश पाल, दीपक राजपूत, हुंकार दास टंडन, मुकेश राजपूत सहित पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों एवं नगर पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष पद पर प्रस्तावित उप निर्वाचन को लेकर प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं अद्यतन का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

■ नवागढ़ नपं अध्यक्ष समेत कई पदों पर होंगे उपचुनाव

इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा संबंधित तहसीलदारों को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना निष्पक्ष चुनाव की मूल आधारशिला है, इसलिए इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।

### जिले के विभिन्न विकासखंडों में कई पद रिक्त

जिले के अलग-अलग विकासखंडों में जनप्रतिनिधियों के कई पद रिक्त हैं, जिन पर उपचुनाव कराया जाएगा। इन पदों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा। विकासखंड बेरला जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 07 में जनपद सदस्य का पद रिक्त है। इसके अलावा ग्राम पंचायत सुरहोली में सरपंच तथा कोदवा (वार्ड 04), बावनलाख (वार्ड 09), कंडरका (वार्ड 08) और भरदा (वार्ड 03 एवं 10) में पंच पद रिक्त हैं। विकासखंड बेमेतरा के ग्राम पंचायत पथर्रा के कई वार्ड (04, 06, 07, 09, 10, 11, 13) में पंच पद रिक्त हैं। इसके साथ ही रामपुर (वार्ड 07), डुड़ा (वार्ड 04), बंधी (वार्ड 05), बेतर (वार्ड 08) और भोईनाभाठा (वार्ड 04) में भी पंच पद खाली हैं। विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत बोटेबोड़ में सरपंच का पद रिक्त है। वहीं मुरता (वार्ड 15) और अंतरगंवा (वार्ड 10) में पंच पदों पर उपचुनाव कराया जाएगा। विकासखंड साजा ग्राम पंचायत सोमईखुर्द (वार्ड 01) एवं उमरावनगर (वार्ड 03) में पंच पद रिक्त हैं।

### नगर पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष पद का उपचुनाव

नगर पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण यहां उप निर्वाचन कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में 08 अप्रैल 2026 को कार्यक्रम जारी किया गया है। इस पद के लिए राजनीतिक गतिविधियाँ भी तेज होने की संभावना है। मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ ही नागरिकों को अपने नाम की जांच एवं सुधार का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए विस्तृत समय-सीमा निर्धारित की गई है 13 अप्रैल प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन,20 अप्रैल (दोपहर 3 बजे तक) – दावा एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि,23 अप्रैल तक – प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण,24 अप्रैल 2026 तक प्रारूप क-1 में दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि,27 अप्रैल तक क-1 दावों का निराकरण , निराकरण आदेश के 5 दिवस के भीतर 05 मई 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन । अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्रुटिरहित मतदाता सूची ही निष्पक्ष, पारदर्शी और सफल निर्वाचन प्रक्रिया की कुंजी है। ऐसे में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

## एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ कैंसर से बचाव की दिशा में बड़ा कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

जिले के नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बेटियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की गई। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए एक सशक्त कदम माना जा रहा है। बीएमओ डॉ. राहुल राज एवं बीपीएम सी. के. देवांगन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्र में जागरूकता की नई अलख जगाई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों, सुपरवाइजर्स, मितानिनों एवं अन्य कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

■ पूरी तरह सुरक्षित और नि:शुल्क टीकाकरण

### 90 प्रतिशत तक कैंसर से बचाव का भरोसा

भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की आयु की किशोरियों को लक्षित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर के 90 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए जिम्मेदार वायरस से बचाव में अत्यंत प्रभावी है। इसकी प्रभावशीलता 93 से 100 प्रतिशत तक बताई गई है, जो इसे स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बनाती है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है और इसका व्यापक स्तर पर परीक्षण एवं अध्ययन किया जा चुका है। नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में यह टीकाकरण प्रतिदिन निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे हर वर्ग की बेटियां इसका लाभ उठा सकें।


### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' का संकल्प

इस अभियान का उद्देश्य केवल बीमारी से बचाव ही नहीं, बल्कि समाज में 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' की अवधारणा को साकार करना भी है। यह पहल न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार तैयार करेगी। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को समय पर एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह टीका भविष्य में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने का सबसे प्रभावी उपाय है। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल राज, डॉ. एम.एम. रजा, डॉ. स्वाति चौधरी, सेक्टर सुपरवाइजर्स, श्रीमती अंबालिका, ए. शेख, मितानिन कार्यकर्ता, ब्लॉक समन्वयक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवागढ़ से उठी यह पहल अब जिले भर में बेटियों के स्वास्थ्य की नई पहचान बन रही है, जो भविष्य को सुरक्षित और मजबूत बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## गौरव पथ क्षेत्र में नलों से निकला गंदा पानी, रहवासी परेशान

# नपं देवकर में दूषित पानी की आपूर्ति पर फिर बवाल, सीएमओ के दावों की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर



नगर पंचायत देवकर में दूषित पानी की समस्या थमने का नाम नहीं ले रही है। गर्मी के बढ़ते मौसम में यह समस्या अब लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। नलों से लगातार गंदे और कीड़ेयुक्त पानी की आपूर्ति होने से रहवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि 11 मार्च को भी नलों से दूषित पानी सप्लाई होने की शिकायत सामने आई थी, जिसे प्रमुख दैनिक अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। खबर सामने आने के बाद सीएमओ द्वारा मामले की जांच और पानी की सैंपलिंग की बात कही गई, लेकिन आरोप है कि वास्तविक स्थिति छिपाने के उद्देश्य से गंदे नल के पानी के बजाय बोर के पानी का सैंपल लिया गया। इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट आने से पहले ही पानी को "शुद्ध और पीने योग्य" घोषित कर दिया गया, जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थिति अब और गंभीर हो गई है। पिछले दो दिनों से फिर दूषित पानी की सप्लाई की शिकायतें सामने आ रही हैं। सोमवार को गौरव पथ क्षेत्र में नलों से कीड़ेयुक्त गंदा पानी आने से लोग दहशत में हैं। वार्ड-3 के रहवासियों राजेश्वर साहू, केदार साहू, छवि साहू, चंदन कुमार साहू, दुर्गा साहू, जितेंद्र राजपूत, श्रवण साहू, लोकेश राजपूत और अन्य नागरिकों ने नगर पंचायत में शिकायत दर्ज कराई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के लापरवाह प्रबंधन के कारण हर साल गर्मियों में पानी की समस्या विकराल रूप ले लेती है, लेकिन इस बार स्थिति बेहद चिंताजनक है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने भी प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी उपलब्ध न कराना प्रशासन की विफलता है और इसे तत्काल गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्दलीय अध्यक्ष होने के कारण उन्हें शक्तिविहीन कर दिया गया है और उनका दमन किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे नगर पंचायत प्रशासन के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। एसडीएम साजा पिंकी मनहर ने कहा कि इस संबंध में सीएमओ से बात की जाएगी।


WE ARE HIRING

Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### गिरीश बने सर्व ब्राह्मण समाज के जिला संगठन सचिव समाज में खुशी की लहर



**बेमेतरा।** सर्व ब्राह्मण समाज बेमेतरा में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा द्वारा जिला, ब्लॉक एवं प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम सूची जारी की गई है। इस सूची में गिरीश (बिट्टू) शर्मा को जिला संगठन सचिव के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से समाज के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गिरीश (बिट्टू) शर्मा लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, धार्मिक आयोजनों तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों में अपनी सहभागिता से एक अलग पहचान बनाई है। समाज में एकता, समन्वय और सहयोग की भावना को मजबूत करने में भी उनका योगदान सराहनीय रहा है। उनकी सक्रियता, कार्य के प्रति निष्ठा और मिलनसार व्यक्तित्व को ध्यान में रखते हुए संगठन ने उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त जिला संगठन सचिव गिरीश (बिट्टू) शर्मा ने इस अवसर पर समाज के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए युवाओं को जोड़ना प्राथमिकता होगी, साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचकर सेवा एवं विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उनकी नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### एचपीवी टीकाकरण शुरू



**उतई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई में बीएमओ निकुम डॉ. डी. के. बेलचंदन के मार्गदर्शन और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दुर्गेश कुमार वर्मा की देखरेख में एच पी वी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत उतई के समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे। अध्यक्ष सरस्वती नरेन्द्र साहू स्वास्थ्य, नपं उतई के स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मी नारायण साहू के हाथों हितग्राही को एच पी वी टीकाकरण का प्रमाण पत्र वितरित किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों में रामटेके, पर्यवेक्षक मुकेश कुमार मेश्राम, धनेश्वरी साहू, लेख कुमारी साहू, फरजाना सुल्ताना, मितानिन उपस्थित रहे।

### मनाया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस

**जामुल।** भारतीय जनता पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस सोमवार 6 अप्रैल को अल्पसंख्यक मोर्चा, जामुल मंडल की ओर से वार्ड -1 मठपारा जामुल में शरबत वितरण कर बडे धूमधाम से मनाया गया l कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किए l नगर पालिका अध्यक्ष ईश्वर ठाकुर,प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कफीलुद्दीन, पूर्व उपाध्यक्ष नपाप हरीश वर्मा, पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद रामदुलार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा युवा मोर्चा पूर्व महामंत्री दिलीप साहू पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा मंडल दुर्योधन साहू ,पूर्व मंडल महामंत्री मनीष साहू के विशेष आतिथ्य में एवं जिला अल्पसंख्यक मोर्चा मंत्री मीर अली तथा अल्पसंख्यक मोर्चा, जामुल मंडल अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से अब्दुल राजिक अली, यूनुस सिद्दीकी, अब्दुल परवेज़, ताहिर खान, रहीम, इरशाद सिद्दीकी, करीम, एम डी ताहिर खान, ताहिर भाई, वाजिद, एजाज अली, रिजवान, सलमान, साजिद अली और रहमत अली आदि उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण : नई शिक्षा प्रणाली में जिज्ञासा आधारित शिक्षण पर विशेष बल

# कक्षा 7वीं की नई पाठ्यपुस्तक पर जिले के मास्टर ट्रेनर्स ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) रायपुर में कक्षा 7वीं की नवीन पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले से हिंदी एवं विज्ञान विषय के चयनित विषय विशेषज्ञों ने भाग लेकर नई शिक्षा पद्धतियों और पाठ्यक्रम की गहन जानकारी प्राप्त की।

■ आधुनिक शिक्षा पद्धति पर दिया गया जोर

यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप तैयार नई पाठ्यपुस्तकों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इसके तहत जिले से दोनों विषयों के चार-चार मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया गया, ताकि वे आगे जिले के अन्य शिक्षकों को भी प्रशिक्षित कर सकें। प्रशिक्षण में शिक्षा के समग्र दृष्टिकोण को अपनाते हुए खेल, योग, कला, नैतिक शिक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने पर विशेष बल दिया गया। विज्ञान विषय की प्रभारी एवं डाइट बेमेतरा की व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे ने बताया कि कक्षा 7वीं के विज्ञान विषय में एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित), नवीकरणीय ऊर्जा तथा डिजिटल टूल्स जैसे आधुनिक विषयों को शामिल किया गया है, जो विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने में सहायक होंगे। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा प्रणाली के तहत रटने की प्रवृत्ति से हटकर व्यावहारिक ज्ञान, प्रयोगशाला गतिविधियों और दैनिक जीवन से जुड़े अनुभवों के माध्यम से सीखने पर जोर दिया जा रहा है। 'जिज्ञासा' जैसे नए पाठ्यक्रम छात्रों में खोजपरक दृष्टिकोण विकसित करने के साथ उन्हें जटिल समस्याओं के समाधान के लिए प्रेरित करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास, पर्यावरण संरक्षण, पोषण, खगोल विज्ञान तथा ऊर्जा स्त्रोतों के व्यावहारिक उपयोग जैसे विषयों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। यह पहल विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विशेषकर एसटीईएम क्षेत्रों में मजबूत आधार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रशिक्षण में जिले से विज्ञान विषय में व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे, ज्योति श्रीवास्तव, घनश्याम प्रसाद माडिले एवं केजहा राम निषाद तथा हिंदी विषय से डाइट के अकादमिक सदस्य सहायक प्राध्यापक देवी प्रसाद चंदेश्वर, व्याख्याता अनिल कुमार वर्मा, तेखन सिंह वर्मा एवं वीरेंद्र सिंह राठौर शामिल हुए।

# खरमास की विदाई 14 अप्रैल को, 15 से गूंजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वैवाहिक मुहूर्त का इंतजार कर रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। 14 अप्रैल को खरमास समाप्त होने के साथ ही शादी-ब्याह का सीजन शुरू हो जाएगा। 15 अप्रैल से लगातार शुभ मुहूर्त मिलने से अंचल में फिर से बाजे-गाजे और शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। पंडितों के अनुसार जब सूर्य मीन राशि में प्रवेश करते हैं तो खरमास लगता है, जिसके दौरान मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। 14 अप्रैल को सूर्य के मेष राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास समाप्त होगा और विवाह सहित सभी शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाएगी।आगामी वैवाहिक सीजन को देखते हुए बाजारों में रौनक लौटने लगी है। कपड़े, ज्वेलरी, पगड़ी-साफा, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक्स और श्रृंगार सामग्री की दुकानों में खरीदारों की भीड़ बढ़ रही है। एक माह के विराम के बाद अब फिर से शादी-बारात और आयोजनों का माहौल बनने लगा है, जिससे व्यापारियों में भी उत्साह है।

■ बाजारों में बढ़ी रौनक, शादी-ब्याह के सीजन की तैयारियां तेज

### अप्रैल में कई शुभ मुहूर्त अक्षय तृतीया भी खास



पंचांग के अनुसार अप्रैल माह में 15, 16, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29 और 30 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त हैं। इसी माह अक्षय तृतीया भी पड़ रही है, जिसे सर्वश्रेष्ठ मुहूर्तों में गिना जाता है। इस दिन बड़ी संख्या में लोग विवाह करना शुभ मानते हैं, इसलिए अंचल में विशेष रौनक रहने की संभावना है।

### आगे के महीनों में भी भरपूर मुहूर्त

पंचांग के मुताबिक मई, जून, जुलाई, नवंबर और दिसंबर में भी कई शुभ तिथियां उपलब्ध हैं। 15 अप्रैल के बाद लगातार मुहूर्तों की उपलब्धता से लोगों में उत्साह है और जिन घरों में विवाह होने हैं, वहां तैयारियां जोरों पर हैं। निमंत्रण कार्ड, भवन, कैटरिंग, बैंड-बाजा और डेकोरेशन की बुकिंग पहले से ही शुरू हो चुकी है, जिससे आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र में शादी-ब्याह का उत्सवपूर्ण माहौल देखने को मिलेगा।

# नगर में भजन-सत्संग कार्यक्रम संपन्न भक्तिमय वातावरण में झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

नगर के राधा-कृष्ण जमात मंदिर में एक दिवसीय भजन-सत्संग कार्यक्रम का आयोजन भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वावधान में महिला स्व-सहायता समूह एवं दंतेश्वरी महिला मानस मंडली के सौजन्य से यह आयोजन किया गया।

■ सामाजिक एकता और धार्मिक समरसता का संदेश



कार्यक्रम में नगर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दीं। प्रमुख भजनों में "जिंदगी भर हम काम करते रह गए, हरि भजन को हम तरसते रह गए, मेरे रोम-रोम में राम, मेरे कण-कण में राम तथा कहां जावे गंगा-जमुना, यही तो नहा ले जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उपस्थित सभी भक्त भजनों की सुरमयी धुनों में डूबकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करते नजर आए। भजन एवं सत्संग के माध्यम से पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

यह आयोजन सामाजिक एकता एवं धार्मिक समरसता का भी प्रतीक बना। कार्यक्रम के संयोजक अनिल सिंघानिया ने बताया कि नगर में प्रत्येक माह पूर्णिमा के अवसर पर सत्संग कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसके माध्यम से भजन एवं आध्यात्मिक प्रवचनों द्वारा लोगों को परमात्मा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पवित्र पद्धति है, जो मानवता, प्रेम और कर्तव्य का संदेश देती है। साथ ही समाज को धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु संगठित रहने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा वैष्णव, गोदावरी मिश्रा, गणेशिया सिन्हा, अश्वनी सिन्हा, संतोषी कुंभकार, ममता यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

# अकलवारा में तहसील स्तरीय कर्मा जयंती का भव्य आयोजन 12 को

## उपमुख्यमंत्री साव होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखंड के ग्राम अकलवारा में 12 अप्रैल को तहसील स्तरीय भक्त मां कर्मा जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

■ समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी होंगे शामिल

कार्यक्रम को लेकर ग्रामीण, परिक्षेत्र एवं तहसील साहू संघ देवकर द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं। कार्यक्रम में तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं साजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित कई जनप्रतिनिधि भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे।

इसके अलावा पूर्व हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, जिला साहू संघ अध्यक्ष, जनपद पंचायत साजा के अध्यक्ष जितेंद्र साहू, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ रामकुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष गेंदराम साहू समेत जिले भर के तहसील अध्यक्षों और सामाजिक पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, सचिव ध्रुव साहू एवं सरपंच विजय कुमार साहू ने बताया कि समारोह में एक जोड़ी का आदर्श विवाह भी संपन्न कराया जाएगा, जो समाज के लिए प्रेरणादायक पहल होगी। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे भक्त मां कर्मा की भव्य कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली जाएगी। इसके बाद 10 बजे से हवन-पूजन का आयोजन होगा। दोपहर में छत्तीसगढ़ के "रंग" सांस्कृतिक दल (सहसपुर लोहारा, जिला कबीरधाम) द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं रात्रि में धनेली-अर्जुन्दा के पुरानिक साहू द्वारा "लहर गंगा" लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गांव सहित पूरे परिक्षेत्र और तहसील स्तर के पदाधिकारी एवं ग्रामीण सक्रिय रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं। समारोह को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# घुरसेना में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन, कंस वध व रुक्मणी विवाह प्रसंग का हुआ भावपूर्ण वर्णन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

पूज्य शंकराचार्यं आश्रम बोरियाकला से पूज्य श्री श्री 1008 श्री यति प्रवर दण्डी स्वामी डॉ. इंदुभावनंद तीर्थ जी महराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का श्रवण लाभ घुरसेना वासीयो को प्राप्त हो रहा है। महाराज श्री के द्वारा अत्यंत सरलतम हृदय स्पर्शी प्रवचन का लाभ लेने घुरसेना और आसपास के ग्रामीण जन भारी संख्या में पहुंच रहे हैं। आज महाराज जी द्वारा कंस वध एवं रुक्मणी विवाह प्रसंग की कथा सरस पूर्ण ढंग से सुनाई गई। जिसका रसास्वादन श्रोताओं ने किया। उक्त अवसर पर श्री कृष्ण एवं रुक्मणी की मनोहारी झांकी भी निकाली गई। शिवप्रकाश शुक्ला सतीश शुक्ला बसंतु शुक्ला बबौनी शुक्ला मुन्ना शुवला शुभम शुक्ला कौशल अवस्थी अभिषेक पांडेय रिंकू पांडेय समेत समस्त सुधिजनों ने कथामृत का रसपान किया।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने फहराया ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के संस्थापकों, वरिष्ठ नेताओं एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और समर्पण को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि "राष्ट्र प्रथम" की भावना और अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करने वाली एक सशक्त विचारधारा है। उन्होंने कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है और इसी संकल्प के साथ भाजपा निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि लाखों कार्यकर्ताओं के समर्पण और संघर्ष के बल पर आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठनों में शामिल हो चुकी है। यह उपलब्धि प्रत्येक कार्यकर्ता की मेहनत और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा का परिणाम है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वहीं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार जनकल्याण और सुशासन की दिशा में प्रभावी कार्य कर रही है। अंत में कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि स्थापना दिवस संगठन की विचारधारा को और अधिक मजबूती देने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं।

■ कल्पना योगेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं को दी शुभकामनाएं

### कर्मा जयंती महोत्सव में गूंजा नशा मुक्ति का संदेश बताई सामाजिक जिम्मेदारी

**सेलूद।** कर्मा जयंती महोत्सव के अवसर पर ईकाई साहू समाज करसा द्वारा समाज में जागरुकता फैलाने के लिए एक प्रेरणादायक पहल की गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति का संदेश प्रमुख रूप से दिया गया, जिससे उपस्थित लोगों को सामाजिक जिम्मेदारी का एहसास कराया गया। इस दौरान समाज के सनत राम साहू को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने शराब का त्याग कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके इस निर्णय की सभी ने सराहना करते हुए इसे अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय बताया। साथ ही पूर्व के पदाधिकारी एवं वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिव्या कलिहारी महिला संयोजिका प्रदेश साहू संघ ने कहा कि आज के बदलते दौर में जहां आधुनिकता तेजी से बढ़ रही है।

## भाजपा नेताओं ने संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

# ग्राम अर्जुनी में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

भाजपा के बालसमुंद मंडल के ग्राम अर्जुनी में भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू जिला उपाध्यक्ष व जिला पंचायत सभापति बालसमुंद मंडल के प्रभारी अंजू बघेल जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक जिला अध्यक्ष अजा मोर्चा खेलू टंडन पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिलीप सिंह प्रवक्ता केशव साहू राम अवतार साहू गया पाल मोहित पटेल महामंत्री राहुल शर्मा जनपद अध्यक्ष बेमेतरा हेमा दिवाकर गुड्डा पुरी गोस्वामी मनोज गोस्वामी दसरत पाल रमेश निषाद निर्मल साहु दिलिप साहु सर पंच अर्जुनी जय दिवाकर दशरथ पाल रमेश निषाद उपस्थित रहे । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय साहू द्वारा भाजपा के स्थापना के संदर्भ में विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए भाजपा को राष्ट्र की धार्मिक सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षक पर ध्वजवाहक बताया । भाजपा जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी बालसमुंद मंडल अंजय बघेल ने भारत के राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा के नेताओं के त्याग व समर्पण के भाव को कृतज्ञ पूर्वक स्मरण करते हुए देश व प्रदेश में भाजपा की उपलब्धियांऔर कार्यो से सामाजिक आर्थिक विकास को उल्लेखित करते हुए भारत रत्न स्वर्गीय अटल जी स्व कुशाभाऊ ठाकरे स्वर्गीय जूदेव जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ रमन के 15 वर्षीय कार्यकाल को छत्तीसगढ़ के विकास का स्वर्ण युग बताया।

जिला उपाध्यक्ष प्रणीश रजक ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं की एकजुटता और दृढ़ निश्चय से संसद में दो सीट से आज 240 सीटों की यात्रा और आज के वैश्विक चुनौतियों के समक्ष अविचल अडिग भारत के निर्माता नरेंद्र मोदी और उनके गौरवशाली उपलब्धियां का श्रेय भाजपा के आम कार्यकर्ताओं को दिया । जनपद अध्यक्ष हेमा दिवाकर ने भी भारत में नारी सशक्तिकरण में भाजपा के योगदानों की विस्तृत चर्चा करते हुए भाजपा को नारी शक्ति का संरक्षक बताते हुए पंचायत व निकायों में 50% की हिस्सेदारी देने वाली भाजपा को मातृशक्ति का अभिभावक बताया।

समस्त आगंतुक नेताओं का अपने मंडल में स्वागत करते हुए मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्र में बूथ से लेकर मंडल तक के नेताओं पदाधिकारी का सदा सम्मान करने व ध्यान रखने वाले स्थानीय विधायक खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने गांव गांव में भाजपा के कार्यकर्ताओंका संगठन तैयार कर क्षेत्र में सामाजिक न्याय स्थापित करने के लिए बहुत काम किया है।

इसी का परिणाम है कि लगातार भाजपा के कार्यकर्ता सशक्त हुए हैं और पूरे जिले में नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र का अलग नाम और मुकाम है वहीं अर्जुनी सरपंच के विकास पर मांगों पर जिला पंचायत सभापति ने दस लाख रुपए भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपये सीसी रोड़ हेतु 1 ट्यूबवेल, तथा रामायण समित्ति हेतु 25000 की घोषणाएं की। वस्तुतः भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक कार्यक्रम में संगठन कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के अलावा सैकड़ो की संख्या में महिलाओं के साथ भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। मंडल के प्रभारी अंजय बघेल जिला अध्यक्ष अजय साहू व एवं अतिथिगण भी इस उत्साह से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके।

